दिनांकः 21.04.2026
समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

बालोतरा के पचपदरा में राजस्थान रिफाइनरी की क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट में कल लगी आग के जांच के आदेश दिये गये हैं। इसके लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। शुरूआती जांच में रिफाइनरी की सीडीयू में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। हालांकि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। इस बीच, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास रिफाइनरी के दौरे पर दुर्घटना स्थल पहुंच रहे हैं।

गौरतलब है कि इस बहु प्रतीक्षित और महत्वपूर्ण रिफाइनरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्र को समर्पित करने वाले थे। करीब 80 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस रिफाइनरी से सालाना 9 मीट्रीक टन क्रूड ऑयल को रिफाइन किया जाना है। यहां के तेल को भारत सहित दुनियाभर के 40 देशों में निर्यात भी किया जाएगा। अग्नि कांड के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिफाइनरी उद्घाटन का कार्यक्रम स्थगित हो गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, रिफाइनरी की सभी इकाइयां सुरक्षित हैं और लोकार्पण कार्यक्रम की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

प्रदेश में अगले महीने प्रस्तावित 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम के प्रचार–प्रसार के लिए नई दिल्ली में 23 अप्रैल को रोड शो आयोजित किया जाएगा। कृषि नवाचार और खेती में नई तकनीक के इस्तेमाल तथा इस क्षेत्र में निवेश संभावनाओं के लिए ये मीट आयोजित की जाएगी। ग्राम का उद्देश्य राज्य की प्रगतिशील कृषि नीतियों, निवेश की संभावनाओं तथा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। प्रस्तावित रोड शो कार्यक्रम में कृषि, एग्रीटेक क्षेत्रों से जुड़े मार्गदर्शक, नीति निर्माता, उद्योगपति,कृषि स्टार्टअप्स, एफपीओ और प्रगतिशील किसान शामिल होंगे।

आज विश्व स्तर पर रचनात्मकता और नवाचार दिवस मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास के सभी पहलुओं में रचनात्मकता और नवाचार की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ये दिवस घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन– यूनेस्को ने वर्ष 2005 में हुए सम्मेलन के बाद, रचनात्मक उद्योगों को मजबूत करने और कलात्मक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया। इस वर्ष का विषय वैश्विक प्रगति के लिए रचनात्मकता का उपयोग रखा गया है।

आज राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस मनाया जा रहा है। लोक कार्मिकों के कर्तव्यों और राष्ट्र विकास में उनकी भागीदारी को समर्पित सिविल सेवा दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने शुभकामनाएं दी हैं।

इस साल के सिविल सेवा दिवस का विषय, 'विकसित भारतः नागरिक–केंद्रित शासन और अंतिम छोर तक विकास', रखा गया है।
इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा कि जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं और नीतियों को लागू करने में सिविल सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सरदार वल्लभभाई पटेल को अखिल भारतीय सेवाओं का सूत्रधार बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरदार पटेल ने सेवा और एकता की भावना से राष्ट्र को एकजुट किया।

सिविल सेवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सुशासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर से लेकर नीति निर्माण तक, सिविल सेवकों के प्रयास अनगिनत लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं और देश की प्रगति में योगदान देते हैं।

प्रदेशभर में इन दिनों तेज गर्मी का दौर बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान 12 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। हाडौती क्षेत्र के जिले भी भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग के अनुसार कोटा में सबसे ज्यादा 42 डिग्री सेल्सियस तापमान मापा गया। विभाग ने बताया कि राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम के शुष्क रहने और हीटवेव चलने की संभावना है। इसे देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए अस्पतालों में विशेष तैयारियां की गई हैं।

केन्द्रीय सहकारी बैंक ने ग्राम सहकारी समितियों के जरिये वितरित खरीफ फसल के दौरान दिये गये अल्पकालीन फसली ऋणों को जमा कराने की तिथि 15 मई तक बढा दी है। प्रबंध निदेशक प्रशांत कल्ला ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर बकाया ऋण राशि जमा कराने के लिए किसानों को डेढ महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है। निश्चित तारीख तक किसान बिना ब्याज के बकाया ऋण जमा करा सकते हैं।